A

# Paper Code : 01
# HINDI [Paper-III]

Sr. No. ......1471......

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ..........................................

(To be filled by the candidate)

Roll No. | | | | | | | | | |

(In Figures as per admission card)

Roll No. ____________________

(In words)

**Time : 2½ Hours]** **[Maximum Marks : 150**

**Number of Pages in this Booklet : 8** **Number of Questions in this Booklet : 75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question bookelt will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Fault booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (ii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. Students can take home carbon copy of this OMR answer sheet.
11. Use only Blue/Black Ball point pen.
12. Use of any calculator or log table etc., is prohibited.
13. There is no negative marks for incorrect answers.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पिच्हेत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
   (ii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर पत्रक विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. परीक्षा समाप्ति पर परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक की कार्बन कापी अपने साथ ले जा सकते हैं।
11. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।
12. किसी भी प्रकार का संगणक (केलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।
13. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे।

## Paper Code : [ 01 ]
## Paper-III [HINDI]

**Note :** • **This paper contains Seventy Five (75) multiple choice questions, each question carrying two (2) marks.**

**नोट :** • **इस प्रश्नपत्र में पिच्हेत्तर (75) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के दो (2) अंक हैं।**

**1.** आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार भक्तिकालीन साहित्य की काल-सीमा निर्धारित की गई है :
(A) संवत् 1275 से 1650 (B) संवत् 1300 से 1680
(C) संवत् 1375 से 1700 (D) संवत् 1400 से 1700 तक

**2.** "प्रेम और श्रद्धा के मेल से भक्ति की निष्पत्ति होती है।" इस कथन के लेखक हैं :
(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(C) अचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (D) डॉ. विजयेन्द्र स्नातक

**3.** गौड़ीय सम्प्रदाय का प्रमुख माना जाता है :
(A) चैतन्य महाप्रभु (B) हरिदास निरंजनी (C) रामराय (D) विष्णु स्वामी

**4.** रसना कटौ जु अनरटौ, निरखि अनफुटौ नैन।
श्रवण फुटौ जु अनसुनौ, बिन राधा यस बैन॥
पंक्तियों के रचयिता हैं :
(A) स्वामी हरिदास (B) विष्णु स्वामी
(C) हितहरिवंश (D) स्वामी अग्रदास

**5.** प्रगट चारि पद धर्म के कलि महुँ एक प्रधान।
जेन केन् विधि दीन्हें दान करइ कल्यान॥
इन पंक्तियों के रचनाकार हैं :
(A) कबीर (B) तुलसी (C) रहीम (D) दादू

**6.** "सूर कवित्त सुनि कौन कवि, जो नहिं सिर चालन करै।"
इन पंक्तियों के रचनाकार हैं :
(A) नाभादास (B) अग्रदास
(C) नंददास (D) केशवदास

**7.** आचार्य रामचंद्र शुक्ल तुलसीदास के कितने ग्रन्थों को प्रामाणिक सिद्ध करते हैं :
(A) 24 (B) 12 (C) 15 (D) 9

**8.** 'कवितावली' में अधिकतर जो छन्द प्रयुक्त हुए हैं, वह हैं :
(A) कवित्त-सवैये (B) दोहा-चौपाई
(C) कवित्त-रोला (D) चौपाई-रोला

**9.** सूरदास के दृष्टकूद पद जिस रचना में मिलते हैं, उसका नाम है :
(A) सूरसागर (B) सूर-सारावली
(C) साहित्य लहरी (D) सूर पच्चीसी

**10.** सूरदास ने पुष्टि-मार्ग में वर्जित किस भक्ति का वर्णन किया है :
(A) सामुज्य (B) सालोक्य
(C) सामीप्य (D) सारूप्य

**11.** निम्नलिखित पंक्तियों में एक पंक्ति कबीर की नहीं है :
(A) कबिरा खड़ा बाजार में लिए लुकाठी हाथ....। (B) पानी केरा बुदबुदा अस मानुष की जात ....।
(C) भाखा बोलि न जानही, जिनके कुल के दास (D) हमन है इश्क मस्ताना हमन को होशियारी क्या?

12. निम्नलिखित पंक्तियों में से असत्य कथन रेखांकित करें :
(A) कबीर पढ़े-लिखे नहीं थे।
(B) वे मूलत: समाज-सुधारक थे।
(C) वे राजनैतिक विचारधारा के जनक थे।
(D) उनमें आडम्बरों के प्रति असहमति मिलती है।

13. निम्नलिखित में से एक अंश कबीर का है :
(A) भाखाबद्ध करबि मैं सोई, मोरे मन प्रबोध जेहि होई
(B) आदि अंत जसि कथ्था अहे। लिखि भाषा चौपाई कहे।
(C) संसकिरत है कूप जल भाखा बहता नीर
(D) बसहि पंखि बोलहिं बहु भाखा

14. " 'पद्मावत' हिन्दी के सर्वोत्तम प्रबन्ध काव्यों में हैं", यह कथन किस विद्वान का है :
(A) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(B) जगदीश गुप्त
(C) धीरेन्द्र वर्मा
(D) रामचन्द्र शुक्ल

15. रीतिकालीन कविता में एक कवि ऐसा भी है जो वीर रस की व्यन्जना के लिए विख्यात है :
(A) केशवदास
(B) क्षीतस्वामी
(C) भूषण
(D) मतिराम

16. "अनियारे, दीरघ दृगनु कितो न तरुनि समान" किस कवि की पंक्ति है :
(A) घनानन्द
(B) विहारी
(C) मतिराम
(D) सेनापति

17. "इनकी सी विशुद्ध, सरस और शक्तिशाली ब्रज भाषा लिखने में कोई और कवि समर्थ नहीं हुआ," रामचन्द्र शुक्ल का यह कथन किस कवि को लक्षित है :
(A) विहारी
(B) मतिराम
(C) घनानंद
(D) देव

18. आधुनिक काल को "गद्यकाल" किस इतिहासकार ने घोषित किया :
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) राहुल सांक्रत्यायन
(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(D) राम कुमार वर्मा

19. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अनेक संस्थाओं की स्थापना की थी। निम्नलिखित में एक संस्था उन्होंने स्थापित नहीं की :
(A) कविता वद्धिनी सभा
(B) तदीय समाज
(C) वैश्यहितकारिणी सभा
(D) लोकनिन्दा सभा

20. निम्नलिखित नाटकों में एक भारतेन्दु रचित नहीं है :
(A) वैदिक हिंसा हिंसा न भवति
(B) प्रेम जोगिनी
(C) श्री चन्द्रावली
(D) आठवें पैगम्बर

21. 'डिसलायलिटी' किस नाटक में पात्र है :
(A) नील देवी
(B) सती प्रताप
(C) भारत दुर्दशा
(D) अंधेर नगरी चौप्पट राजा

22. "जात ले जात, टके सेर जात" यह किस नाटक का संवाद है :
(A) श्री चन्द्रावली
(B) सत्य हरिश्चन्द्र
(C) भारती जननी
(D) अंधेर नगरी चौप्पट राजा

23. हिन्दी की कहानियों में काल, क्रमानुसार पहली कहानी कौनसी है?
(A) इन्दुमती
(B) उसने कहा था
(C) ग्यारह वर्ष का सपना
(D) पूस की रात

**24.** निम्नलिखित में एक निबन्ध चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का है :

(A) क्रोध (B) कुटज

(C) कछुआ धरम (D) धूल

**25.** निम्नलिखित में से किस कृति का सम्बन्ध हिन्दी नवजागरण से है :

(A) साकेत (B) भारत-भारती

(C) प्रियप्रवास (D) लहर

**26.** निम्नलिखित में से एक को आधुनिक काल का महत्त्वपूर्ण महाकाव्य माना जाता है :

(A) आँसू (B) कामायनी

(C) अतिमा (D) परिमल

**27.** निम्नलिखित में से निराला की रचना कौन सी है :

(A) कुरुक्षेत्र (B) जयद्रथ वध

(C) कुकुरमुत्ता (D) सांध्यगीत

**28.** आधुनिक हिन्दी कविता में 'सप्तक' नाम से कितने काव्य-संग्रह निकले हैं :

(A) तीन (B) पाँच

(C) सात (D) चार

**29.** 'हरिजन गाथा' निम्नलिखित कवियों में से किसकी रचना है :

(A) नरेन्द्र शर्मा (B) बच्चन

(C) नागार्जुन (D) केदारनाथ अग्रवाल

**30.** "हँसो-हँसो, जल्दी हँसो"-के कवि हैं :

(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (B) रघुवीर सहाय

(C) अज्ञेय (D) धर्मवीर भारती

**31.** निम्नलिखित कवियों में से ज्ञानपीठ पुरस्कार किसे मिला है :

(A) कुँवर नारायण (B) गंगा प्रसाद विमल

(C) चंद्र कुँवर बड़थवाल (D) त्रिलोचन

**32.** निम्नलिखित में से मुक्ति बोध का काव्य-संग्रह कौन सा है :

(A) बावरा अहेरी (B) इत्यलभ

(C) आँगन के पार द्वार (D) चाँद का मुँह टेढ़ा है

**33.** "शृंखला की कड़ियाँ" के रचयिता कौन हैं :

(A) जयशंकर प्रसाद (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) निराला (D) महादेवी वर्मा

**34.** आधुनिक काल के किस काव्य संग्रह की भूमिका में काव्य-भाषा के रूप में ब्रजभाषा की कठोर आलोचना है :

(A) अनामिका (B) परिमल

(C) पल्लव (D) यात्रा

**35.** रामचंद्र शुक्ल के अनुसार हिन्दी का पहला उपन्यास कौनसा है :

(A) भाग्यवती (B) चंद्रकांता संतति

(C) परीक्षा गुरु (D) श्यामा-स्वप्न

36. हिन्दी के किस उपन्यास ने साहित्य के पाठकों को हिन्दी पढ़ने के लिए प्रेरित किया :
(A) कंकाल
(B) गोदान
(C) चंद्रकान्ता संसति
(D) त्यागपत्र

37. निम्नलिखित में एक उपन्यास प्रेमचंद का है :
(A) त्याग पत्र
(B) कायाकल्प
(C) नदी के द्वीप
(D) टेढ़े मेढ़े रास्ते

38. 'गोदान' के नायक के बेटे का नाम क्या है :
(A) बुद्धराम
(B) सुक्खु
(C) हल्खु
(D) गोबर

39. प्रेमचंद किस भाषा से हिन्दी लेखन में आए थे :
(A) फारसी
(B) संस्कृत
(C) उर्दू
(D) भोजपुरी

40. ''बाणभट्ट की आत्मकथा'' की नायिका का नाम क्या है :
(A) चंद्रकांता
(B) मालविका
(C) देवसेना
(D) भट्टिनी

41. 'शेखर एक जीवनी' के कुल खंड हैं :
(A) दो
(B) चार
(C) तीन
(D) पाँच

42. 'पुरस्कार' कहानी के लेखक कौन हैं :
(A) चतुरसेन शास्त्री
(B) वृन्दावन लाल वर्मा
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) यशपाल

43. ''एक दुनिया समानांतर'' के संपादक का क्या नाम है :
(A) कमलेश्वर
(B) मोहन राकेश
(C) दूधनाथ सिंह
(D) राजेन्द्र यादव

44. 'सिक्का बदल गया' कहानी के लेखक कौन हैं :
(A) यशपाल
(B) भीष्म साहनी
(C) कृष्णा सोबती
(D) मन्नु भंडारी

45. 'अंधा युग' की कथा का आधार क्या है :
(A) रामायण
(B) कुमार सम्भव
(C) महाभारत
(D) भागवत् पुराण

46. रामचंद्र शुक्ल के मनोविकार सम्बन्धी निबंधों के संग्रह का क्या नाम है :
(A) मनोविनोद
(B) चिंतामणि
(C) अशोक के फूल
(D) मनोलोक

47. 'मालविका' किस नाटक की स्त्रीपात्र है :
(A) चन्द्रगुप्त
(B) स्कन्दगुप्त
(C) राज्यश्री
(D) ध्रुवस्वामिनी

48. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की मुख्य समस्या क्या है :
(A) देश की मुक्ति
(B) प्रदेश की मुक्ति
(C) स्त्रीमुक्ति
(D) आत्ममुक्ति

49. 'आधे-अधूरे' में समाज के किस वर्ग की जिन्दगी का चित्रण किया गया है :
(A) अभिजात वर्ग
(B) मजदूर वर्ग
(C) मध्यवर्ग
(D) किसान वर्ग

50. 'देवदास' निबंध के लेखक कौन हैं :
(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) कुबेरनाथ राय
(C) विद्या निवास मिश्र
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

51. बालकृष्ण भट्ट किस पत्रिका के संपादक थे :
(A) कविवचन सुधा
(B) ब्राह्मण
(C) हिन्दी प्रदीप
(D) इन्दु

52. निम्नलिखित में से कौन सी रचना माखनलाल चतुर्वेदी की नहीं है :
(A) माता
(B) हिमतरंगिणी
(C) हिमकिरीटनी
(D) अपलक

53. हिन्दी में मनोवैज्ञानिक आलोचना के प्रतिष्ठापक हैं :
(A) देवराज उपाध्याय
(B) इलाचंद्र जोशी
(C) अज्ञेय
(D) डॉ. नगेन्द्र

54. निम्नलिखित में से किस आलोचक ने तुलसीदास पर आलोचना की पुस्तक लिखी है :
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) नंददुलारे वाजपेयी
(D) डॉ. नगेन्द्र

55. 'साधारणीकरण' और 'व्यक्तिवैचित्र्यवाद' निबंध के लेखक कौन हैं :
(A) मिश्रबन्धु
(B) लाला भगवान दीन
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

56. 'नई कविता और अस्तित्ववाद' पुस्तक के लेखक कौन हैं :
(A) अज्ञेय
(B) रामविलास शर्मा
(C) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(D) डॉ. रघुवंश

57. 'दोआब' पुस्तक के लेखक का क्या नाम है :
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(B) प्रेमचंद
(C) शमशेर बहादुर सिंह
(D) मुक्तिबोध

58. 'कामायनी पुनर्विचार' का लेखक कौन है :
(A) डॉ. नगेन्द्र
(B) मुक्तिबोध
(C) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(D) नंददुलारे वाजपेयी

59. '[illegible] के बहाने नई कविता पर एक बहस' के लेखक का नाम है :
(A) [illegible] वर्मा
(B) नामवर सिंह
(C) [illegible] शर्मा
(D) विजय देव नारायण साही

60. 'हिन्दी [illegible] : [illegible] सदी' किसके द्वारा लिखी गई है :
(A) नं[illegible]
(B) लक्ष्मीकांत वर्मा
(C) मुक्ति[illegible]
(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

61. 'भाषा और समाज' के लेखक कौन हैं :
(A) किशोरी दास वाजपेयी
(B) कामता प्रसाद गुरु
(C) श्यामसुंदर दास
(D) रामविलास शर्मा

62. निम्नलिखित में से 'नई समीक्षा' का आलोचक कौन है :
(A) कॉलरिज
(B) मैथ्यू ऑर्नल्ड
(C) जॉन क्रो रैन्सन
(D) क्रिस्टोफर काडवे

63. क्रोचे के सौन्दर्य शास्त्रीय सिद्धान्त का क्या नाम है :
(A) अनुकरणवाद
(B) अनुभूतिवाद
(C) अनुमितिवाद
(D) अभिव्यंजनावाद

64. प्रबन्ध काव्य को 'भादिक' अलंकार नाम देने वाले आचार्य हैं :
(A) भामह
(B) उद्भट
(C) वामन
(D) दण्डी

65. गुणी भूत व्यंग्य के कितने भेद माने गए हैं :
(A) आठ
(B) अट्ठारह
(C) तैंतीस
(D) ग्यारह

66. भरत के रस सूत्र की व्याख्या करते हुए अनुमितिवाद सिद्धान्त किसने दिया :
(A) भट्टनायक
(B) आनन्दवर्द्धन
(C) शंकुक
(D) भट्टकोलट

67. असंलक्ष्यक्रम व्यंग्यध्वनि कहकर रस को ध्वनि का एक भेद बताने वाले आचार्य का नाम है :
(A) मम्मट
(B) वामन
(C) कुन्तक
(D) आनन्दवर्द्धन

68. काव्य को आत्मा की संकल्पात्मक अनुभूति बताने वाले समालोचक हैं :
(A) डॉ. नगेन्द्र
(B) नंददुलारे वाजपेयी
(C) रामचंद्र शुक्ल
(D) जयशंकर प्रसाद

69. कवि की प्रतिभा को कारमित्री तथा भावक की प्रतिभा को भावमित्री किसने कहा :
(A) आचार्य विश्वनाथ
(B) राजशेखर
(C) आचार्य जगन्नाथ
(D) अभिनवगुप्त

70. 'उज्ज्वल नील मणि' ग्रंथ के रचयिता का नाम है :
(A) भानुमिश्र
(B) भोजराज
(C) धंनजय
(D) रूपगोस्वामी

71. आचार्य विश्वनाथ ने रस संख्या कितनी मानी है :
(A) दस
(B) ग्यारह
(C) आठ
(D) नौ

72. ''कविता एक कला है और कला प्रकृति का अनुकरण है।'' यह कथन किस विचारक का है :
(A) प्लेटो
(B) कालरिज
(C) अरस्तू
(D) जॉन ड्राइडन

73. अरस्तू ने त्रासदी के कुल कितने अंग माने हैं :
(A) छह
(B) बारह
(C) ग्यारह
(D) आठ

74. निर्वैयक्तिकरण सिद्धान्त के संस्थापक हैं :
(A) इलियट
(B) क्रोचे
(C) कॉलरिज
(D) जॉन ड्राइडन

75. 'अजनबीपन' किस विचारधारा की विशेषता मानी जाती है :
(A) यथार्थवाद
(B) अस्तित्ववाद
(C) मार्क्सवाद
(D) स्वच्छंदतावाद